**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सड़क का इंतजारः पंचेश्वर से कालापानी तक आसान होगी डगर

**इंतजार**

## सड़क बनने से सीमा पर तैनात एसएसबी के जवानों को गश्त करने में होगी आसानी



**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो आने वाले कुछ दिनों में नेपाल सीमा पर अभी इंतजार केवल तीस किमी सड़क बनने का बना हुआ है। बता दें कि नेपाल सीमा पर जल्द ही पंचेश्वर से लेकर झूलाघाट तक तीस किमी तक सड़क बनने की उम्मीद पूरी होने के आसार नजर आ रहे है। शुरूआती दौर में झूलाघाट से सात किमी के दायरे में बलतडी तक संपर्क मार्ग तैयार हो चुका है। वर्तमान में लोगों को आज भी पंचेश्वर से तीस किमी दूर झूलाघाट आने के लिए चम्पावत से आवाजाही करनी पड़ रही है।

आंकड़ों के मुताबिक पचेश्वर से झूलाघाट तक जो दूरी है वह एक सौ तीस किमी तक बनती है। अगर काम जल्द पूरा हो गया तो सड़क बनते ही सीमा पर तैनात एसएसबी के जवानों को गश्त करने में जहां एक ओर आसानी हो सकेगी वही काली नदी के बीच तस्करी करने वाले तस्करों पर कुछ हद तक अकुंश लगाने में सफलता मिल सकेगी। जानकारी के मुताबिक कालापानी से पंचेश्वर तक एक सौ पिचासी किमी लंबी सीमा के लिए यह साल खासा उम्मीद लेकर आया है। मई में जहां गर्बाधार से कालापानी तक सड़क तैयार हुई है। वही साल के शुरूआती दौर में झूलाघाट के बलतडी से कालीनदी के किनारे तक कालापानी तक सड़क तैयार हो गई है।

वर्तमान आंकड़ों के मुताबिक टनकपुर से लेकर जौलजीवी तक सड़क स्वीकृत है। टनकपुर से जौजलीवी की दूरी एक सौ पैतीस किमी है। अब तक यहां पर कई जगह पर संपर्क मार्ग बनकर तैयार हो चुके है। वही नेपाल तक बहुत जल्द सड़क बनने की उम्मीद पूरी हो जायेगी।

वर्तमान में नेपाल भारत से काफी पीछे है सड़क बनाने के मामले मे। अब काली नदी घाटी का संपूर्ण क्षेत्र इस तीस किमी सड़क के बनने से आसानी से जुड़ जायेगा।

## न्यूज डायरी

### नगर पालिका ने कुमौड वार्ड में बांटा जरूरतमंदों को बांटा राशन

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले की नगर पालिका ने जिले के कुमौड वार्ड में जरूरतमंदों को राशन बांटा। वही इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने इनकी समस्यायें भी सुनी। वही वार्ड के लोगो ने पालिका अध्यक्ष को पेयजल व सीवर समस्या से भी अवगत कराया। वही पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र रावत ने कहा कि नगर पालिका द्वारा कोरोना काल से लेकर अब तक जिले के वार्डो में गरीबों व जरूरतमदों को राशन मुहैया करा रही है।

### हादसे में मारे गये लोगों को अब तक मुआवजा नहीं मिला

**संवाददाता** पिथौरागढ़। बीते सोमवार को गुरना के पास चट्टान कटिग के दौरान हादसे में मरे ट्रक पर सवार ड्राइवर व क्लीनर को अब तक एनएच की ओर से मुआवजा नही मिल पाया है। वही ठेकेदार व कार्यदायी संस्था पर आनन फानन में केस तो दर्ज हो गया मगर हादसे में मरे ड्राइवर और क्लीनर के परिवार के लोगों को मुआवजा नही मिल पाया है।

### कोर्ट के आदेश पर तीन के खिलाफ मुकदमा

**संवाददाता** लक्सर। घर में घुसकर मारपीट के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लक्सर कोतवाली के दाबकी कलां गांव निवासी बलवीर सिंह की ओर से कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि 14 फरवरी 2020 को उनके परिवार में लड़की की शादी थी। शादी समारोह के दौरान गांव के ही अंकित और अंकुर ने बराती के साथ मारपीट कर दी। उसने बीच–बचाव कराया तो आरोपितों की उसके साथ कहासुनी हो गई। आरोपितों ने उस वक्त उसे देख लेने की धमकी दी थी। इसके अगले दिन आरोपित अंकित, अंकुर और राहुल लाठी–डंडे लेकर उनके घर में घुस आए और उनके बेटे विकास के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। बीच–बचाव करने आए परिवार के सदस्यों के साथ भी उन्होंने मारपीट की। मामले में अब कोर्ट के आदेश पर तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### पंप आपरेटरों का धरना 8वें दिन जारी

**संवाददाता** भिकियासैंण (चौखुटिया)। मानदेय बढ़ाए जाने की एक सूत्रीय मांग पर अभी तक सकारात्मक पहल न होने से लघुडाल सिंचाई पंप आपरेटरों में आक्रोश है। उनका कहना है कि शीघ्र समाधान न होने पर वे उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होंगे। आठवें दिन भी कार्य बहिष्कार कर विभिन्न क्षेत्रों के आपरेटर तहसील परिसर में धरने पर बैठे। इस दौरान उन्होंने विभाग के खिला नारेबाजी की। वक्ताओं ने विभाग व शासन पर पंप आपरेटरों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया।

## साईं बाबा मंदिर का सोलवा स्थापना दिवस शालीनता के साथ मनाया गया



**संवाददाता** देहरादून। तिलक रोड स्थित साईं बाबा मंदिर का सोलवा स्थापना दिवस बुधवार को बड़ी शालीनता के साथ मनाया गया क्योंकि कोविड जैसी महामारी को देखते हुए श्रद्धालुओं ने और मंदिर के प्रबंधकों ने स्वयं यह निर्णय लिया कि कोविड के नियम का पालन करते हुए सूक्ष्म रूप से ही बाबा के महोत्सव को आवश्यक रूप से जो मनाया जाएगा । प्रातः 5:30 बजे मंदिर से बाबा की पालकी कुछ भक्तों के साथ निकली और और प्रमुख बाजारों से होते हुए यात्रा का समापन बाबा के मंदिर पर हुआ। इस अवसर पर साईं सेवक अशोक वर्मा, शिरडी साईं चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद नागलिया ,मानव अधिकार मंच समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजय वर्मा, अकक्षत नागलिया सहित अनेक भक्तगण मोजूद रहे।

## जनता के बीच भरोसा कायम करें पुलिसकर्मी

**संवाददाता**

मंगलौर। अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए जनसहयोग जरूरी है। इसलिए पुलिसकर्मी जनता के बीच भरोसा कायम करें। पीड़ितों को हरसंभव न्याय दिया जाए। यह बात प्रशिक्षु आइपीएस हिमांशु वर्मा ने मंगलौर कोतवाली का चार्ज लेने के दौरान कही।

मंगलौर कोतवाली परिसर में बुधवार को प्रशिक्षु आइपीएस ने सभी पुलिसकर्मियों, चौकी प्रभारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि अभी भी यह परिपाटी चली आ रही है कि थाने, चौकी पर फरियादियों से चक्कर कटाए जाते हैं। इसको बंद किया जाना चाहिए। प्राथमिकता के आधार पर फरियादियों की शिकायत सुनकर उनका निस्तारण किया जाए। इसके अलावा नशे के कारोबार पर प्रभावी तरीके से अंकुश लगाया जाना है। इसलिए सभी पुलिसकर्मी इस दिशा में काम करें।



खनन हो या दूसरे अवैध कारोबार किसी को भी पनपने नहीं देना है। वरिष्ठ नागरिकों का सभी बीट कांस्टेबल को रजिस्टर बनाना होगा। जमानत पर आए अपराधियों पर निगरानी रखनी है। कार्य पूरी निष्ठा के साथ किया जाना है। यदि कोई किसी पर अनुचित दबाव बनाता है तो इसकी जानकारी दी जाए। इस मौके पर एसएसआइ देवेंद्र सिंह रावत के अलावा शहर चौकी प्रभारी शहजाद अली, नारसन चौकी प्रभारी लक्ष्मण सिंह कुंवर, उप निरीक्षक तस्लीम आरिफ, भजराम चौहान, ललिता खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।

## दिब्यांग एंवबहुदेशीय शिविर में तीन दर्जन दिब्यांग जनों के यूनिक कार्ड बनाए गए

**संवाददाता**

पुरोला। कमल नदी के तट पर खेल मैदान में बुधवार को आयोजित दिब्यांग एंवबहुदेशीय शिविर में तीन दर्जन दिब्यांग जनों के यूनिक कार्ड बनाए गए। 32 लोगों के जाति,ओबीसी,स्थाई निवास जन्म मृत्यु प्रमाण व परिवार रजिस्टर प्रमाण पत्र आदि मौके पर ही निर्गत किए गए। शिविर में कृषि, स्वास्थ्य व उधान समाज कल्याण,बाल विकास,स्वास्थ्य विभाग कोरोना सैंपलिंग,कोविड महामारी से सावधानी,मास्क जरूरी आदि का प्रचार प्रसार को स्टाल लगा कर जानकारी दी गई।

शिविर में दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों से आये 42 वृद्ध विधवा,वृद्धावस्था

### सामान्य बीमारियों समेत 67 दिब्यांगों का परीक्षण किया

बिकलांग पैंशन के फार्म पंजीकृत किये गये जबकि 36 दिब्यांगों के यूनिक यूनिक कार्ड जनरेट कर वितरित किए गए वहीं आंख व हड्डी रोग विशेषज्ञों ने 16 लोगों के विकलांगता प्रतिशत बढ़ाने को लेकर परीक्षण किया।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. पंकज कुमार ने बताया कि आंख समेत हड्डी रोग विशेषज्ञों ने सामान्य बीमारियों समेत 67 दिब्यांगों का परीक्षण किया गया जबकि 36 दिब्यांगों यूनिक यूनिक कार्ड जनरेट किए गए जबकि 16पूराने दिब्यांगों के बिकलांगता प्रतिशत बढानें को परीक्षण किया गया साथ ही तीन दर्जन से अधिक लोगों का कोविड सैंपलिंग की गई।

सहायक समाज कल्याण अधिकारी प्रकाश भंडारी ने बताया कि शिविर में किसान सम्मान निधि के 2 व किसान पैंसन 5, वृद्धा,विधवा,बिकलांग पैंसन के 48 आवेदन पत्र भरे गये जबकि राजस्व विभाग ने आय के 29 आय प्रमाणपत्र निर्गत किये वहीं ग्राम्य विकास विभाग 70 परिवार रजिस्टर,10 बीपीएल प्रमाण पत्र मौके पर ही जारी किये जबकि स्वास्थ्य विभाग ने 67 दिब्यांग प्रमाण पत्रों हेतु जांच की। शिविर में 44 लोगों का कोविड सैंपलिंग की गई।

शिविर में उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी,बीडीओ तेग सिंह रावत,डा. पंकज कुमार,डा.रामलाल समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं

**प्रथम पेज का शेष...**सचिव सूचना दिलीप जावलकर ने बताया कि राज्य में जनजागरूकता अभियान के तहत प्रिंट मीडिया, इलैक्ट्रॉनिक मीडिया, आउटडोर मीडिया, सोशल मीडिया, एफएम एवं कम्यूनिटी रेडियो के माध्यम से कोविड–19 से बचाव हेतु व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया गया है। खेल विभाग द्वारा कोरोना विनर्स के लिए वॉकाथन एवं बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही सभी जनपदों हेतु वॉकाथन एवं अन्य खेल प्रतियोगिताओं का जनपदवार कैलेण्डर जारी किया गया है। सचिव जावलकर ने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, प्रवर्तन दलों, दुकानदारों आदि ने कोरोना के प्रति जागरूकता में अपना योगदान दिया है। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक श्री अशोक कुमार, सचिव स्वास्थ्य डॉ पंकज कुमार पांडेय, प्रबंध निदेशक उत्तराखण्ड परिवहन निगम रणवीर सिंह चौहान, एडिशनल एक्साइज कमिश्नर उदय सिंह राणा, संयुक्त निदेशक सूचना राजेश कुमार, उपनिदेशक सूचना नितिन उपाध्याय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।